## ग्रामीण ओलंपिक खेल 29 से

**बीकानेर।** ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर नवाचार के रूप में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल 29 अगस्त से शुरू होंगे।इसके लिए जिले में 8 हजार 387 टीमों का गठन कर दिया गया है। इन टीमों के बीच छह खेलों की स्पर्धाएं ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर होंगी।

इन खेलों का पूर्वाभ्यास शनिवार को प्रारंभ हुआ तो गांव-गांव के स्कूली विद्याथि्यों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना देखी जा सकती थी। सभी खिलाड़ी अपनी टीम को विजेता बनाने के उद्देश्य से अभ्यास के लिए उतरे। यह पूर्वाभ्यास 28 अगस्त तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि जिले से 1 लाख 12 हजार 551 खिलाडि़यों ने पंजीकरण करवाया है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि जिले में ग्रामीण ओलंपिक खेलों की तैयारी परवान पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। खेल सामग्री की खरीद शुरू कर दी गई है। रेफरी भी नियुक्त कर लिए गए हैं। विभिन्न माध्यमों से इन खेलों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# लोकदेवता बाबा रामदेवजी के जागरण में रातभर झूमें श्रद्धालु

**बीकानेर।** कोटगेट व्यापार मंडल द्वारा शनिवार की रात्रि 20 अगस्त 2022 को कोटगेट पर लोक देवता श्रीबाबा रामदेवजी का द्वितीय विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जो रविवार की भौर तक चला।

जागरण आयोजनकर्ता राजीव मदान ने बताया कि बाहर के और स्थानीय भजन गायक कलाकारों ने रातभर बाबा की महिमा का गुणगान कर उपस्थित बड़ी की तादात में श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण कार्यक्रम की शुरुआत जोधपुर के भजन कलाकार ललित मेहरिया ने बाबा की जोत आरती एवं गणेश वंदना के साथ की।

इसके बाद राजस्थान ओर बीकानेर के सुपर प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार रफीक सागर ने एकर तो दरबार मे बुला दीजे, भक्त खडे तेरे द्वार लिया छोटी सी अरदास, बाबे रे दरबार मे बाजे मार गमागम ओर बाबा माने दर्शन देवों जैसे अपने लिखे भजन गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



**कोटगेट व्यापार मंडल द्वारा शनिवार की रात्रि को कोटगेट पर लोक देवता श्रीबाबा रामदेवजी का द्वितीय विशाल जागरण का आयोजन किया गया**

श्रीगंगानगर की भजन गायिका सुनिता बागडी ने नाच नाच के आयो रे पसीनों, बाप जी मेलों आयो करो जय जयकार, बेगा चालो डीजे रा धमीडा जोर सुं लागे,शिवजी की बारात चली बन ठन के जैसे भजनों को गाकर बागडी ने मौजूद युवाओं को खूब नचाया। मुम्बई के गायक राजा अलबेला ने बीरा म्हारा रामदेव रे, ध्यान लगावों बाबे रो ओर नफरत की दुनिया छोडकर खुश रहना मेरे यार, बीकानेर के युवा भजन गायक कलाकार मुदित प्रजापत ने मनडे रो मोरियों बोल्यो रे बाबा खम्मा घणी जैसे भजन गाया।

न्याज हसन एवं मास्टर नानू व्यास ने भी अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उधोगपति रामदेव अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि बीकानेर नगर निगम महापौर सुशीला कंवर, पूर्व न्यास अध्यक्ष हाजी मकसूद अहमद, बीकानेर देहात भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिव प्रजापत, हिन्दू जागरण मंच के जेठानंद व्यास, राम जी हलवाई, कांग्रेस नेता अनवर अजमेरी, बाबु लाल सोनी,राज मोदी पहुंचे थे।

## बीमारी रोक के लिए पच्चीस लाख रुपये मंजूर

**बीकानेर।** केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने क्षेत्र में गौवश में फैल रही लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि कोष में से 25 लाख रू. की राशि उपलब्ध कराई गई ताकि गौवंश का ईलाज हो सके।

अर्जुन राम मेघवाल ने बताया की गौवंश में लम्पी नामक संक्रामक बीमारी फैलने के कारण पशुओं की निरंतर मृत्यु हो रही है। इस भयानक बीमारी से पशुओं की त्वचा पर गांठदार रोग होने के कारण पशुपालकों के लिए संकट खड़ा हो गया है। गोवंश की हो रही निरंतर मृत्यु की वजह से पशुपालकों की आजीविका पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस गंभीरता को देखते हुए अर्जुन राम मेघवाल द्वारा अपने स्थानीय क्षेत्र विकास निधि कोष में से 20 लाख रू. की राशि बीकानेर जिले व 5 लाख रू. की राशि संसदीय क्षेत्र के अनुपगढ़ विधानसभा के लिए जारी की गई है ताकि वर्तमान में गौवंश में चल रही लम्पी स्किन जैसी भयानक बिमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

## सार-समाचार

### सलावद महासंघ में बने मीडिया चेयरपर्सन

**बीकानेर।** अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का महासंघ अखिल भारतीय महासंघ (रजि.) का प्रांतीय अधिवेशन सुश्रुत सभागार,सवाई मानसिंह चिकित्सालय परिसर जयपुर में आयोजित हुआ जिसमे महासंघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजि.राजेंद्र प्रसाद,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव के पी चौधरी व प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा द्वारा घोषित प्रांतीय कार्यकारणी में शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद को सर्व सहमति से महासंघ में प्रदेश मीडिया चेयरपर्सन व सांस्कृतिक सचिव बनाया गया है।

### बैठक 27 व 28 को बैठक

**बीकानेर।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ के पश्चिम क्षेत्र के 5 जोनल रेलवे के प्रतिनिधि की बीकानेर में27 व 28 अगस्त 2022 को प्रस्तावित बैठक को लेकर -आज उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ की एक बैठक आहूत की गई जिसमें उक्त बैठक से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान महामंत्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और इसकी सफलता हेतु आवश्यक निर्देश दिये. बैठक में जगदीश शर्मा, दीन दयाल पूनिया, हनुमान दास, सुनील शादी, शैलेंद्र सिंह, महिपाल सिंह शेखावत, महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### निशुल्क मैराथन क्लास

**बीकानेर।** सेक्टर नंबर 3 मुक्ता प्रसाद मेंआज क्षितिज क्लासेस व अर्पण सेवा समिति के द्वारा छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु सामान्य ज्ञान व करंट अफेयर की निशुल्क मैराथन क्लास का आयोजन किया गया । हेमंत सर ने सामान्य ज्ञान के बारे में बच्चों को पढ़ाया। अर्पण सेवा समिति की महिला जिलाध्यक्ष चंचल साखंला व सचिव रानी पारीक ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम के अंत में अर्पण सेवा समिति के सभी सदस्यों का मालार्पण करते हुए सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में राजकुमार भाटिया आदि मौजूद थे।

## भगवान पार्श्वनाथ की शोभायात्रा निकली

**बीकानेर।** साध्वी मृगावती, सुरप्रिया व नित्योदायाश्रीजी के सान्निध्य रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में चल रहे भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ के जाप की पूर्णाहूति पर रविवार को गाजे बाजे से शोभायात्रा निकली । मास खमण (एक माह तक सीमित गर्म जल के साथ उपवास) करने वाली मनीषा कोचर पत्नी उपेन्द्र कोचर का अभिनंदन किया गया। तपस्वी भी गाजे बाजे के साथ जिन मंदिरों में चैत्य वंदन करते हुए उपासरे पहुंची थीं। उपासरे में उन्होंने साध्वीवृंद से आशीर्वाद लिया तथा जिनालयों में लड्डू चढ़ाएं ।

साध्वीवृंद के नेतृत्व में भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ की शोभायात्रा सुगनजी महाराज के उपासरे से रवाना होकर चिंतामणिजी, आदिश्वरजी, शांतिनाथजी आदि मंदिरों से होते हुए रामपुरिया मोहल्ले के नाहटा निवास पहुंची। शोभायात्रा में श्रावक-श्राविकाएं देव, गुरु व धर्म के नारे लगा रहे थे। भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा को अरिहंत नाहटा व सोनम नाहटा हाथ में लिए हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में बैंड नवंकार महामंत्र की धुन बजा रहा था।

# मेघाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**हनुमानगढ़।** क्षेत्र के गांव मेघाना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत होने पर विधायक अमित चाचाण द्वारा उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र चाचाण ने की।

कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत करवाने पर विधायक अमित चाचाण का अभिनंदन भी किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लम्बे समय से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत करने की मांग की जा रही थी। क्रमोन्नत होने के बाद 27 से अधिक गांवों को लाभ होगा। कार्यक्रम में विधायक ने गांव के संस्कृत विद्यालय में विधायक कोटे से दो कमरे व नेहराना व दुर्जाना में शमशान भूमि की चारदीवारी बनाने की घोषणा की। इस मौके पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक अमित चाचाण ने कहा कि मेघाना का स्वास्थ्य केन्द्र क्रमोन्नत होने पर चिकित्सा सुविधाए बढ़ेगी। आस-पास के गांवों के रोगियों को अब इलाज के लिये अन्यत्र नही जाना पड़ेगा। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ किया जाये। चाचाण ने बताया कि जल्द ही मेघाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के निर्माण हेतु बजट जारी होगा। विधायक अमित चाचाण ने बताया कि नोहर राजकीय चिकित्सालय में हाल ही के वर्षो में सुविधाओं में भारी इजाफा हुआ हैं। जिला स्तरीय चिकित्सालय के समकक्ष सुविधाए नोहर चिकित्सालय में मिल रही हैं। चाचाण ने कहा कि ऐसा कोई भी क्षेत्र नही जहां विकास कार्य नही हुये हो। पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल ने कहा कि कांग्रेस के शासन में नोहर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित हुये हैं। इस मौके पर दलीप तेतरवाल, सुरेन्द्र भारी, रामचंद्र मील, सरपंच बुधराम शर्मा, देवीलाल रोहिला, सुरेश सोनी, सुभाष डुडी,ओम कठोतिया, विकास सहु, कुरड़ाराम सहु, रजीराम सहु, गोपाल पूनिया, कुलदीप भाटी, करनेल सहारण, कृष्ण सहारण, गोविन्द सिराव, तुलछाराम मेघवाल, हनुमान सहु, रणजीत सिंह राठौड़ आदि मौजूद थे।

## यात्रियों की सेवा करेगी शिवक्ति पीठ

**बीकानेर।** भादवा शुरू होने के साथ ही मेलों का दौर शुरू हो जाता है और भक्त अपने अराध्य को मनाने के लिये पैदल धोक लगाने के लिये प्रभू के द्वार पहुंचते है। रामदेवरा में दसमी को भरने वाले वार्षिक मेले के लिये पैदल यात्रियों की रवानगी शुरू हो गई है।

इन पैदल यात्रियों के सेवा सुश्रुषा के लिये स्वयंसेवी संगठनों ने भी कमर कस ली है। दो साल बाद होने वाले मेलों को लेकर स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से पैदल जातरूओं की सेवा के लिये सेवा शिविर लगाएं जाएंगे। इसी कड़ी में श्री व शिवशक्ति साधना पीठ और राम राम परिवार द्वारा बाबा रामदेव यात्रियों के लिए गजनेर में नींबू शिकंजी और ठंडे जल की सेवा दी जाएगी। जिसके पोस्टर का लोकार्पण रविवार को पंडित नथमल पुरोहित द्वारा किया गया। संस्था से जुड़े संदीप किराडू ने बताया की विमोचन अवसर पर एड मदन गोपाल व्यास, प्रहलाद सेवग, श्रीमोहन किराडू, रमेश प्रधान, गोपीकि शन, गोविन्द व्यास, अभिशेष किराडू आदि मौजूद रहे। पंडित मनमोहन किराडू की प्रेरणा से शिवशक्ति साधना पीठ और राम राम परिवार द्वारा यह सेवा पिछले 8 सालों से यात्रियों की सेवा कर रही है।

# बाल भक्तों ने किया भगवान गजानंद अभिषेक



**बीकानेर के दाउजी रोड गणेश मंदिर में बाल भक्तों ने भगवान गजानंद का अभिषेक किया।**

**बीकानेर।** ओ माई फ्रेंड गणेशा तू रहना साथ हमेशा की भावना के साथ दाउजी रोड स्थित आदि गणेश मंदिर में बाल भक्तों ने भगवान गजानंद का अभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। बाल भक्तों ने भगवान गणेश का दूध,दही,पंचामृत, केसर,चीनी,शहद से अभिषेक किया। पण्डित सुनील व्यास व विजय श्रीमाली ने मंत्रोच्चारण के साथ बाल भक्तों ने गणेशजी को रिझाया। आयोजन से जुड़े किशन व्यास अभिषेक में तीन माह के बालक से लेकर दस साल तक के नौनिहालों ने हिस्सेदारी निभाई। पूरा प्रांगण बच्चों द्वारा किये गजानंद के जयकारों से गूंज उठा। व्यास ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर सुबह 4 बजे अभिषेक से कार्यक्रम होगा। इसके बाद जन्मोत्सव आरती व रात्रि कालीन जागरण किया जाएगा। वहीं 30 व 31 अगस्त को देश व राज्य की सुख समृद्धि तथा शांति के लिए दो दिवसीय पंचकुण्डीय यज्ञ पं.राजेन्द्र किराडू के आचार्यत्व में वेदपाठी ब्राह्मण करेंगे। गणेश चतुर्थी के जन्मोत्सव आरती दोपहर 12 बजे होगी, जिसमें वक्रतुण्ड को 2151 किलो का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। शाम को जागरण होगा। इसमें भक्त मंडल के अशोक बांठिया,राजेन्द्र व्यास, मनोज के बिस्सा, सोमदत्त पुरोहित आदि प्रस्तुति देंगे।

## जर्जर मकान धराशायी हुआ

**बीकानेर,** शहर के परकोटे में देखभाल के अभाव में जर्जर हुए पुराने मकान गिर रहे हैं। पूर्व में बिन्नाणी चौक व मोहता चौक के पास मकान गिरने के बाद अब चाय पट्टी एरिया में एक मकान गिर गया। गनीमत रही कि उस समय घर में कोई नहीं था, इसलिए जनहानि नहीं हुई।

चाय पट्टी के पास आसानियों के चौक की गली में नन्दलाल सिंह राजपूत का मकान लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। इस मकान के गिरने की आशंका अर्से से बनी हुई थी। रविवार सुबह अचानक ये मकान गिर गया। छत्त की पट्टियों सहित सब कुछ मलबे में तब्दील हो गया। उस समय घर में कोई नहीं था। कुछ लोगों को यहां से बाहर भी निकाल लिया गया। जब मकान गिरा तो आसपास काफी तेज आवाज सुनाई दी। लोग दौड़कर यहां पहुंचे। आसपास के युवाओं ने मलबे में किसी के फंसने की आशंका में सार संभाल की लेकिन कोई नहीं मिला। बाद में कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने ही बाद में नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी। अब मलबे को हटाकर रास्ता फिर से चालू किया जा रहा है। इसी मकान में व आसपास भी काफी लोगों की चहल पहल रहती है।

# डूंगर कॉलेज छात्रसंघ चुनाव हेतु मुस्तैद

**बीकानेर।** संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूगर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां की पूर्ण कर ली गई है। प्राचार्य डॉ. जी.पी.सिंह ने बताया कि चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्र सिंह राजपुरोहित रहेगें तथा चुनाव संचालन समिति के प्रभारी डॉ. देवश खण्डेलवाल एवं लिंगदोह समिति के प्रभारी डॉ. राजेन्द्र पुरोहित को नियुक्त किया गया हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है तथा कुल वोटर की संख्या 9134 है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सोमवार 22 अगस्त को प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव एवं कक्षा प्रतिनिधियों के उम्मीदवारी हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने का समय रहेगा तथा उसी दिन सायं 5 बजे तक आपत्तियां प्राप्त की जावेगी। 23 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। उम्मीदवारों की अंतिम नामांकन सूचि का प्रकाशन मंगलवार 23 अगस्त की शाम को कर दिया जावेगा। मतदान दिवस 26 अगस्त को मतदान का समय प्रात: 8 बजे से 1 बजे रहेगा एवं मतगणना 27 अगस्त को 10 बजे से प्रारम्भ होगी एवं उसी दिन विजयी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जावेगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विद्याथि्यों को फोटो पहचान पत्र के वितरण का कार्य निरंतर जारी है एवं विद्यार्थी कार्यालय समय में अपना पहचान पत्र 25 अगस्त को सायं 3 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने विद्याथि्यों से समय रहते पहचान पत्र महाविद्यालय से प्राप्त करने की अपील की। डॉ. इन्द्र सिंह ने बताया कि मतदान दिवस को बिना फोटो पहचान पत्र के महाविद्यालय में प्रवेश एवं मतदान की अनुमति नहीं होगी।

## नोडल अधिकारी ने निरीक्षण किया

**हनुमानगढ़।** जिले में लम्पी स्किन डिजीज नियंत्रण हेतु मॉनिटरिंग को लेकर गोपालन विभाग द्वारा लगाए गए नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने रविवार को जिले का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जि़ले में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. ओम प्रकाश किलानियां संयुक्त निदेशक पशुपालन एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार गाँधी नोडल अधिकारी के साथ रहे।

डॉ. किलानिया ने बताया कि नोडल अधिकारी द्वारा जिले में लंपी स्किन डिजीज रोग की रोकथाम, उपचार एवं नियंत्रण हेतु किये जा रहे प्रयासों का निरीक्षण किया गया। जिले की विभिन्न गौशालाओं का भ्रमण कर गौशाला संचालकों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। गौशालाओं में रोग नियंत्रण सम्बन्धी किये जा रहे प्रयास, मक्खी, मच्छर से बचाव हेतु कीटनाशक घोल का छिडकाव, गौशाला की सफाई व्यवस्था, मृत गौवंश का निस्तारण का जायजा लिया गया।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष का आव्हान

**बीकानेर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 23वां जिला सम्मेलन मदन अजमानी भवन में रामेश्वर शर्मा. लक्ष्मी नारायण वर्मा.कॉ प्रसन्न कुमार शर्मा के अध्यक्ष मंडल के समक्ष आयोजित किया गया।

सम्मेलन में राज्य पर्यवेक्षक राज्य सचिव नरेन्द्र आचार्य ने सम्मेलन का उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई.बेरोजगारी चरम पर है। देश की सार्वजनिक सम्पतियों को बेचा जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था आईसीयू में पहुंच गई है। देश के लोकतंत्र.संविधान. साम्प्रदायिक सौहार्द के समक्ष गंभीर चुनौतियां है। इसके लिये हमें एक जुट होकर व्यापक एकता जरूरी है। सम्मेलन में जिला सचिव कॉ हनुमान सिंह धारीवाल ने गत् तीन वर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की. जिस पर जिले की समस्त तहसीलों से आये प्रतिनिधियों ने बहस में भाग लिया.उसके बाद रिपोर्ट पारित सर्वसम्मति से की गई। सम्मेलन में बेरोजगारी. मँहगाई. बिजली. पानी की समस्या.गायों को लम्पी बीमारी.सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति सहित कई प्रस्ताव पारित किये गये. जिस पर आने वाले दिनों में संघर्ष किया जायेगा। सम्मेलन में पार्टी के राज्य सम्मेलन जो 27 और 28 सितम्बर को बीकानेर में आयोजित होने जा रहा है. उसके लिये 11 सदस्यों प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया।

सम्मेलन में 21 सदस्य जिला कौसिंल का चुनाव किया गया। इसमें कॉ अविनाश व्यास को जिला सचिव.कॉ सरजू गहलोत एवम् कॉ मल्ला सिंह को सहायक सचिव चुना गया। कॉ महेश जोशी को कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में सर्वप्रथम पार्टी का ध्वजारोहण किया गया तथा शहीदों की बेदी पर पुष्पांजली दी गई। सम्मेलन में शोक प्रस्ताव पारित किया गया।

## बाबा रामदेवजी का जागरण आज

**बीकानेर।** सार्दुल गंज में श्री बाबा रामदेव गार्डन (सी 77) रोटरी कूब के सामने सोमवार को बाबा रामदेवजी का जागरण होगा। जागरण में सुप्रसिद्ध कलाकार भक्तिगीतों के साथ नृत्यों की प्रस्तुति देंगे।

बाबा रामदेवजी के जागरण के आयोजक रामदेव अग्रवाल ने बताया कि जागरण रात आठ बजे शुरू होगा। जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बाबा का गुणगान, भव्य झांकियां, शिव तांडव नृत्य, भगवान श्री कृष्ण लीला, कृष्ण सुदामा मिलन एवं अन्य झांकियों का प्रदर्शन भक्ति गीतों के साथ प्रस्तुति दी जाएगी।

जागरण स्थल पर बाबा रामदेवजी का दरबार सजाया जाएगा तथा अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी । जागरण स्वर्गीय हुलास चंद व आत्माराम अग्रवाल रंगवाला की स्मृति में रखा गया है। जागरण में बाबा रामदेव कटला व श्रीराम मार्केट के व्यवसाइयों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी।

# 'जीने का आनन्द व्यवहार में सुधार से'

**बीकानेर।** श्री शान्त क्रान्ति जैन श्रावक संघ के 1008आचार्य श्री विजयराज जी महाराज साहब ने मनुष्य जीवन में चार बातें अमूल्य बताई हैं।

इनमें पहली बात मनुष्य की इज्जत, दूसरी स्त्री का शील, तीसरी माता का प्रेम और चौथा पिता का कर्तव्य है। साथ ही कहा कि जिनका कोई मूल्य नहीं होता, उसे अमूल्य कहा जाता है। जैसे आदमी मूल्य देकर पहनने के कपड़े, जूते, चप्पल, सोना- चांदी खरीद सकता है लेकिन मनुष्य की इज्जत अमूल्य है, इसे पैसों से नहीं खरीद सकते। आचार्य श्री ने कहा क इज्जत तो सदाचार से बनती है। अगर जीवन में सदाचार है तो इज्जत है। दुराचारी की कोई इज्जत नहीं होती और बगैर सदाचार के हम इज्जत नहीं बना सकते।

दूसरी अमूल्य बात है नारी का शील, शीलवती नारी भी अमूल्य होती है। शीलवती नारी का शील ही उसे आदर, सम्मान दिलाता है। तीसरा माता का प्रेम होता है। प्रेम शब्द का उच्चारण करते ही मां याद आती है या फिर महात्मा और फिर परमात्मा की याद आती है। मां का प्रेम निश्छल होता है। चौथा पिता का कर्तव्य, जो कर्तव्य पालन अपनी संतान के लिए एक पिता करता है, वह कोई अन्य नहीं कर सकता। इसलिए यह चार चीजें महापुरुषों ने अमूल्य बताई है और यह हमें प्राप्त हो जाती है लेकिन कब...?, जब हमारे जीवन का व्यवहार सुधरता है।

महाराज ने श्रावक-श्राविकाओं से प्रश्न किया कि क्या आपको जीवन में रस या आनन्द आ रहा है। फिर उनके मन की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए कहा कि बहुत कम व्यक्ति जीवन का रस ले पाते हैं। अधिकांश तो केवल जीने के लिए जीते हैं। उन्हें आनन्द की अनुभूति नहीं होती है। क्योंकि उनकी दृष्टि में आनन्द है ही नहीं, जब दृष्टि में आनन्द होगा तो जीवन में आनन्द की अनुभूति होगी।

## गौमाता के लिए अनोखी ध्वज यात्रा

**हनुमानगढ़।** रविवार को गौशाला सेवा समिति की ओर से गौमाता के अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए गौधर्म ध्वज यात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले विधिवज पूजा-अर्चना की गई। जिसके बाद में जंक्शन दुर्गा मन्दिर धर्मशाला के हॉल में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

गौधर्म ध्वज यात्रा दुर्गा मन्दिर धर्मशाला से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई रेलवे स्टेशन, भगत सिंह चौक, बालिका स्कूल होते हुए अबोहर रोड स्थित गौशाला पहुंची। जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में सबसे आगे गौ ध्वज उठाए श्रद्धालु और उसके पीछे मुख्य यजमान सिर पर गीता धारण किए शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं इस दौरान महिलाएं भी भक्तिगीत गाती नजर आईं।

गौशाला समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया ने बताया कि 22 अगस्त से 31 अगस्त तक संगीतमय गीता पाठ और श्रीरामायण पाठ का आयोजन होगा। जिसमें 702 पाठ पाठवाचक वृंदावन से करेंगे। 1 सितम्बर ऋषि पंचमी को रामायाण और गीता का पाठ किया जाएगा।

# परिवार घर में सोया रहा, चोर ले गए नकदी-गहने

**श्रीगंगानगर।** जिले के समेजा कोठी थाना क्षेत्र के गांव भोमपुरा में मकान में नकदी और गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। तड़के हुई चोरी के समय परिवार के सभी लोग घर में ही सोए थे। इसके बावजूद चोरों ने घर के सभी ताले तोड़ दिए और आसानी से घर में रखे गहने और नकदी चुरा लिए। इस संबंध में पीड़ित ने शनिवार देर शाम समेजा कोठी थाने में मामला दर्ज करवाया।

पीड़ित गांव भोमपुरा के नविंद्र कुमार पुत्र हंसराज की ओर से समेजा कोठी थाने में दर्ज मामले में कहा गया कि शुक्रवार रात वह उसकी पत्नी, दोनों बेटे संजय कुमार और सुनील कुमार तथा पुत्रवधु घर में ही सोए थे। आधी रात के बाद करीब दो बजे से चार बजे के बीच अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश किया और घर की अलमारियों के ताले तोड़ दिए। इन लोगों ने अलमारी में रखे एक सोने का एक मंगलसूत्र, आठ अंगूठियां, चार जोड़ी पायजेब, एक अन्य गहना और करीब साठ से पैंसठ हजार रुपए चुरा लिए।

मकान मालिक नविंद्र कुमार सुबह उठे तो सामान बिखरा और ताले टूटे देख उन्हें वारदात का पता लगा। इस पर उन्होंने पत्नी और बेटों को जगाया। घर की अलमारियां जांचीं तो इसमें रखे गहने और करीब साठ से पैंसठ हजार रुपए गायब मिले। इस पर वारदात की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारियां जुटाई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

इसके अलावा सूरतगढ़ जिले में जिला पुलिस की स्पेशल टीम व सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों से पुलिस को 1 किलो 500 ग्राम अफीम भी बरामद हुई व तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी भी जब्त की है।

थाना अधिकारी रामकुमार लेघा ने बताया कि हाईवे पर होमगार्ड के खेल मैदान के नजदीक झाडि़यों में संदिग्ध रूप से बोलेरो गाड़ी खड़ी होने की सूचना मिली। जिस पर टीम ने दबिश दी तो आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। टीमों ने पीछा कर गाड़ी को रुकवा कर तलाशी ली, तो गाड़ी से 1 किलो 500 अफीम बरामद हुई।

## होनहार विद्यार्थियों को बांटी छात्रवृति

**बीकानेर ।** शाकद्वीपीय ब्राह्मण उच्च शिक्षा समिति ने प्रदेश के होनहार बालक बालिकाओं को तीन लाख पांच हजार की छात्रवृति व प्रोत्साहन राशि वितरित की । सविता साहुकारी समिति को समर्पित इस चतुर्थ संस्करण में भगवान भास्कर, मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद समिति के स्व. गोपाल दास शर्मा, स्व. लालचंद शर्मा व स्व. पं. रामदेव शर्मा को नमन किया गया ।

श्यामौजी वसंज मूंधाड़ा भोजक सेवगान बगीची परिसर में रेलवे के एडीआरएम निर्मल कुमार शर्मा और बीकानेर के अतिरिक्त जिला समन्वयक गजानंद सेवग के मुख्यातिथ्य में संपन्न और बीएसएनएल के पूर्व महाप्रबंधक महेश भोजक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जयपुर के तोलाराम भोजक, नागौर के दिनेश शर्मा, फतेहपुर के रविशंकर भोजक, सरदार शहर के राजीव भोजक, बंगलौर के कमल किशोर भोजक विशेष अतिथि थे

पर्वतारोही आर. के.शर्मा ने समिति के उद्देश्य की संपूर्ण जानकारी देते हुए बीकानेर से बाहर के आए विधार्थियों का परिचय करवाते हुए आज के आयोजन को संचालित किया ।

# पांच दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर शुरु




**गायत्री शक्तिपीठ पुरानी गिन्नानी बीकानेर में पांच दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।**

**बीकानेर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की जिला शाखा गायत्री शक्तिपीठ पुरानी गिन्नानी बीकानेर में पांच दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ केन्द्रीय प्रशिक्षण टोली द्वारा वेद मंत्रोच्चार से देवपूजन कर किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट प्रबंध ट्रस्टी पवन कुमार ओझा ने बताया कि युग निर्माण योजना शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा देशभर में महिलाओं के जागरूकता अभियान के अंतर्गत पाचं दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 21 से 25 अगस्त तक बीकानेर उपजोन स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलायें टोली बनाकर तहसील एवं ग्राम स्तर पर जाकर घर घर गायत्री यज्ञ के माध्यम से समाज में फैली भ्रामक कुरितियों बाल विवाह, खर्चिली शादियों, पर्दाप्रथा, अशिक्षा तथा लैंगिक जातिगत भेदभाव को दूर करते हुए जागरूकता अभियान चलायेगी। केन्द्रीय टोली प्रभारी दीना त्रिवेदी ने गायत्री के आध्यात्मिक दर्शन विषय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि गायत्री मंत्र कामधेनु है, कल्पवृक्ष है, जप तप ध्यान साधना से गायत्री से जीवन की दिशा तय की जा सकती है। गायत्री साधना में महिलाओं के संबंध में विभिन्न भ्रामक संशयों को दूर किया।

## युवती से दुष्कर्म किया

**बीकानेर।** गंगाशहर क्षेत्र में नहा रही युवती के फोटो खींचने और बाद में इसी फोटो से ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। गंगाशहर पुलिस ने बंगला नगर में रहने वाले एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

आरोप है कि गंगाशहर में एक युवती की नहाते हुए का अश्लील फोटो खींच लिया गया। बाद में बंगला नगर निवासी नंदलाल सोनी ने अपहरण व दुष्कर्म किया। आरोप है कि नंदलाल सोनी चार-पांच महीने पहले महिला के घर आया था। उस समय वह आंगन में नहा रही थी। आरोपी ने उसके अश्लील फोटो ले लिए। बाद में इन फोटो के दम पर उसका शोषण करने लगा। इसके बाद आरोपी ने उसे विवाह के लिए मजबूर करना शुरू कर दिया। एफआईआर में कहा गया है कि मिठाई खिलाकर महिला को बेहोश किया और जयपुर ले गए। वहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि गैर कानूनी तरीके से शादी के कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। बाद में आरोपी नंदलाल पीडिता को लेकर जयपुर आ गया, जहां पुलिस की मदद से वापस अपने परिजनों के पास पहुंची। इस पर नंदलाल सोनी युवती के एडिटेड फोटो व विवाह के दस्तावेज वायरल कर युवती को बदनाम करने लगा।